कक्षा–12 NCERT भूगोल (मानव भूगोल के मूल सिद्धांत)

अध्याय–04 (मानव विकास | Human Development) – नोट्स

Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria

Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg

Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh **(Siddhi Vinayak Sangaria)**

---

1. निम्नलिखित में से कौनसा विकास का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(1) आकार में वृद्धि (2) गुण में धनात्मक परिवर्तन

(3) आकार में स्थिरता (4) गुण में साधारण परिवर्तन

2. मानव विकास की अवधारणा किस विद्वान की देन है?

(1) अमर्त्य सेन (2) एलन सैम्पुल

(3) महबूब–उल–हक (4) रेटजैल

3. मानव विकास की अवधारणा का प्रतिपादन किसने किया था?

उत्तर– मानव विकास की अवधारणा का प्रतिपादन डॉ. महबूब–उल–हक ने किया था।

4. मानव विकास के मापन हेतु आप किन सूचकों का उपयोग करेंगे?

उत्तर– मानव विकास के मापन हेतु निम्न तीन सूचक हैं–

1. स्वास्थ्य
2. शिक्षा
3. संसाधनों तक पहुँच

4. मानव विकास के किस उपागम का संबंध अमर्त्य सेन से है?

उत्तर– मानव विकास के क्षमता उपागम का संबंध अमर्त्य सेन से है।

5. यू.एन.डी.पी. द्वारा विकसित कौनसा सूचकांक मानव विकास में कमी मापता है?

उत्तर– मानव गरीबी सूचकांक मानव विकास में कमी मापता है।

6. विश्व का एकमात्र देश कौनसा है जिसने सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता को देश की प्रगति का आधिकारिक माप घोषित किया है?

उत्तर– भूटान

5. मानव विकास के चार प्रमुख स्तम्भों के नाम लिखिए।

उत्तर– मानव विकास के चार प्रमुख स्तम्भ निम्नलिखित हैं–

1. समता
2. सतत् पोषणीयता
3. उत्पादकता
4. सशक्तिकरण

6. मानव विकास प्रतिवेदन–2018 के अनुसार सर्वोच्च 'उच्च मूल्य' सूचकांक वाले प्रथम दो देश कौनसे हैं?

उत्तर–

1. नॉर्वे
2. स्विट्रजरलैण्ड

7. लोगों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने हेतु कोई एक सुझाव दीजिए।

उत्तर– लोगों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के लिए उनके ज्ञान को बढाने का प्रयास करना चाहिए तथा उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए।

8. मानव विकास के निम्नस्तर देशों की संख्या लिखिए।

उत्तर– मानव विकास रिपोर्ट–2018 के अनुसार निम्नस्तर देशों की संख्या 38 है।

Youtube Channel: Siddhi Vinayak Sangaria

9. मानव विकास रिपोर्ट–2018 के अनुसार भारत का विश्व में कौनसा स्थान है?

उत्तर– मानव विकास रिपोर्ट–2018 के अनुसार भारत का विश्व में 130वां स्थान है।

10. स्वतंत्रता में वृद्धि भी विकास लाने वाला सर्वाधिक प्रभावशाली माध्यम है। मानव विकास की इस विचारधारा की शुरूआत किसने की?

उत्तर– मानव विकास की इस विचारधारा की शुरूआत अमर्त्य सेन ने की।

11. मानव विकास शब्द का अभिप्राय क्या है?

उत्तर– मानव विकास से तात्पर्य लोगों के विकल्पों में वृद्धि करना तथा उनके जीवन में सुधार लाना है। यह व्यक्ति के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करता है।

12. स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए किस सूचक का प्रयोग किया जाता है?

उत्तर– स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए चुना गया सूचक जन्म के समय जीवन प्रत्याशा है।

13. निम्न मानव सूचकांक वाले देशों की दो कमजोरियां क्या हैं?

उत्तर– निम्न मानव सूचकांक वाले देशों की दो कमजोरियां निम्नलिखित हैं–

1. राजनैतिक उपद्रव
2. सामाजिक अस्थिरता

14. मानव विकास के 'आधारभूत आवश्यकता उपागम' को लिखिए।

उत्तर– आधारभूत आवश्यकता उपागम–

1. इस उपागम को मूल रूप से अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने प्रस्तावित किया था।
2. इसमें छह न्यूनतम आवश्यकताओं जैसे– स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, जलापूर्ति, स्वच्छता और आवास की पहचान की गई थी।
3. इसमें मानव विकल्पों के प्रश्न की उपेक्षा की गई है।

15. वृद्धि और विकास में क्या अंतर है?

उत्तर– वृद्धि और विकास में निम्नलिखित अंतर है–

1. वृद्धि मात्रात्मक परिवर्तन होता है जबकि विकास गुणात्मक परिवर्तन होता है।
2. वृद्धि धनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों रूपों में होती है जबकि विकास हमेशा धनात्मक होता है।
3. जनसंख्या का 1 लाख से 2 लाख होना वृद्धि कहलाता है जबकि लोगों की मूलभूत आवश्यकता जैसे– शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य सुविधाओं में बढोतरी होना विकास कहलाता है।

भूगोल के प्रत्येक अध्याय को अच्छे से समझने के लिए
सिद्धि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें।
इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT Geography|2021-22|Class 12
(https://www.youtube.com/playlist?list=PLIlq5TfwxGWHvzdSsfQhFHa2CUi1JER_A)
में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और
अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।
धन्यवाद
सिद्धि विनायक संगरिया टीम

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria